भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3090

उत्तर देने की तारीख 11 जुलाई, 2019
20 आषाढ़, 1941 (शक)

आउटडोर खेलों के लिए प्रोत्साहन

3090. श्री रमेश चन्द्र कौशिकः
श्री दिलीप साईकियाः
श्री अनिल फिरोजियाः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक गैजेटों पर अत्यधिक आश्रित आजकल के बच्चों और युवकों को पार्क जाकर आउटडोर खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : "खेल" राज्य का विषय होने के कारण खेल कार्यकलापों में भागीदारी करने के लिए बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है । भारत सरकार राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता प्रदान करके, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में प्रशिक्षण देकर और खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत सहायता प्रदान करके राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है ।

(ग) और (घ) : खेलो इंडिया स्कीम में देशज खेलों को बढ़ावा देना शामिल है । इसलिए कोई नई स्कीम विचाराधीन नहीं है ।

*****